दिनांकः 14.11.2025 समय : 18.30 पीएम

आकाषवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेषिक समाचार

- अंता विधानसभा सीट पर उपचुनाव में कांग्रेस उम्मीदवार प्रमोद जैन भाया ने जीत हासिल की–निकटतम प्रतिद्वंदी भाजपा प्रत्याशी मोरपाल सुमन को 15 हज़ार 612 मतों से हराया।
- उच्च न्यायालय ने राज्य सरकार को पंचायत और नगर निकाय चुनाव अगले साल 15 अप्रैल तक हर हाल में कराने के निर्देश दिए।
- भगवान बिरसा मुंडा की जयंती पर कल राष्ट्रीय जनजातीय गौरव दिवस मनाया जाएगा–डूंगरपुर में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा शिरकत करेंगे।
- देश के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू की जयंती बाल दिवस के रूप में मनायी गयी–कई कार्यक्रम आयोजित हुए।

000

अंता विधानसभा सीट का उपचुनाव कांग्रेस उम्मीदवार प्रमोद जैन भाया ने जीत लिया है। उन्होंने निकटतम प्रतिद्वंदी भाजपा प्रत्याशी मोरपाल सुमन को 15 हजार 612 मतों से हराया। श्री भाया को कुल 69 हज़ार 571 वोट मिले, वहीं भाजपा प्रत्याशी ने 53 हज़ार 959 मत प्राप्त किये। निर्दलीय उम्मीदवार नरेश मीणा तीसरे स्थान पर रहे। उन्हें 53 हज़ार 800 वोट मिले।
परिणाम आने के बाद प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने प्रमोद जैन भाया को बधाई देते हुए इसे "विश्वास और विकास की जीत" बताया।

------------

परिणामों पर प्रतिक्रिया देते हुए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा कि पार्टी जनता के जनादेश का सम्मान करती है।

------------

अपनी हार के बाद निर्दलीय नरेश मीणा ने कहा कि वे जनता के प्यार और आशीर्वाद को नमन करते हैं। श्री मीणा ने कहा कि वे और मजबूत होकर लौटेंगे।
गौरतलब है कि अंता विधानसभा सीट पर उपचुनाव के लिए 11 नवम्बर को मतदान हुआ था और आज कड़ी सुरक्षा के बीच मतगणना सम्पन्न हुई।

000

बिहार में विधानसभा चुनाव में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन–एनडीए भारी जीत की ओर बढ़ रहा है। अब तक घोषित 92 नतीजों में से 80 सीटें एनडीए पक्ष में गई हैं, जबकि 8 सीट महागठबंधन ने जीती है। 4 सीटें अन्य के पक्ष में गई है।
महागठबंधन को कुल 33 सीटों पर बढ़त प्राप्त है। राष्ट्रीय जनता दल 25, कांग्रेस पांच, सीपीआई माले–लेनिन दो, सीपीआईएम एक सीट पर आगे है। अन्य उम्मीदवारों की बढत छह सीटों पर है। इनमें पांच सीटों पर एआईएमआईएम और एक सीट पर बहुजन समाज पार्टी को बढ़त प्राप्त है।

000

उच्च न्यायालय ने राज्य सरकार को पंचायत और नगर निकाय चुनाव 15 अप्रैल 2026 तक हर हाल में कराने के निर्देश दिए हैं। अदालत ने सरकार को इस साल 31 दिसंबर तक सभी पंचायतों और निकायों में परिसीमन की प्रक्रिया पूरी करने का भी आदेश दिया। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश संजीव प्रकाश शर्मा की पीठ ने जनहित याचिकाओं सहित अन्य याचिकाओं पर फैसला सुनाते हुए आज ये निर्देश जारी किए। गौरतलब है कि प्रदेश में करीब 6 हज़ार 759 पंचायतों और 55 नगरपालिकाओं का कार्यकाल पहले ही पूरा हो चुका है, लेकिन अब तक चुनाव नहीं कराए जाने को लेकर कई जनहित याचिकाएं कोर्ट में दायर की गई थीं। कोर्ट ने इस पर सुनवाई पूरी करने

के बाद 12 अगस्त को फैसला सुरक्षित रख लिया था और आज करीब तीन महीने बाद निर्णय दिया है।

000

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने आज कोटा में "आपकी पूंजी आपका अधिकार" योजना की शुरुआत की। इस अवसर पर श्री बिरला ने कहा कि योजना का मुख्य उद्देश्य बेनामी वित्तीय संपति का मालिकाना हक लौटाना और जन जागरूकता फैलाना है। उन्होंने कहा कि इस योजना के माध्यम से बैंकों में रखी बिना पहचान वाली राशि उसके हकदार को मिल पाएगी।

------------

संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल ने आज जोधपुर में 'आपकी पूँजी, आपका अधिकार' अभियान के जिला स्तरीय शिविर का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि इस अभियान का उद्देश्य नागरिकों को उनकी दावा नहीं की गई जमा राशि, बीमा आय, डिविडेंड, शेयर, म्यूचुअल फंड बैलेंस और पेंशन देनदारियों का पता लगाने और उन पर दावा करने के लिए सक्षम बनाना है। संसदीय कार्य मंत्री ने कहा कि प्रत्येक नागरिक तक बैंकिंग सेवाओं की सार्वभौमिक पहुंच सुनिश्चित करने के लिए केन्द्र सरकार लगातार काम कर रही है, जिसके परिणामस्वरूप आज गांव और गरीब तक बैंकिंग सेवाओं की पहुंच सुनिश्चित हुई है। श्री पटेल ने कहा कि जोधपुर जिले में 3 लाख अनक्लेम्ड खातों में 115 करोड़ रुपए की राशि जमा है। कार्यक्रम में विभिन्न बैंकों और बीमा संस्थानों के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

000

भगवान बिरसा मुंडा की जयंती पर कल राष्ट्रीय जनजातीय गौरव दिवस मनाया जाएगा। इस उपलक्ष में प्रदेशभर में विभिन्न कार्यक्रम होंगे। राज्य स्तरीय समारोह डूंगरपुर में आयोजित किया जाएगा, जिसमें मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा शिरकत करेंगे। श्री शर्मा वहां, जनजाति संस्कृति और विकास से जुड़ी प्रदर्शनी का अवलोकन करने के साथ ही जिलेवासियों को कई सौगातें देंगे। मुख्यमंत्री कार्यक्रम के दौरान समाज कल्याण की ओर से 40 स्कूटी और 23 इलेक्ट्रिक व्हील चेयर का वितरण करेंगे। वे सुखद दाम्पत्य योजना के दो लाभार्थियों को 5–5 लाख रुपए और अंतर्जातीय विवाह योजना के एक लाभार्थी को 10 लाख में से पहली किश्त ढाई लाख का चेक देंगे। श्री शर्मा आजीविका संवर्धन के लिए महिला स्वयं सहायता समूहों को 31 करोड़ रूपये के ऋण का वितरण भी करेंगे। उनका लाभार्थियो से संवाद का भी कार्यक्रम है।

जिला कलेक्टर अंकित कुमार सिंह ने एसबीपी कॉलेज खेल मैदान में होने वाले कार्यक्रम की तैयारियों का जायज़ा लिया। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम में विभिन्न प्रदर्शनी भी लगाई गई है।

------------

बिरसा मुंडा की जयंती के अवसर पर प्रदेश के अन्य जिलों में भी कार्यक्रम होंगे, जिनमें विभिन्न मंत्री जनप्रतिनिधि और अधिकारी भाग लेंगे। इससे पहले जनजाति गौरव वर्ष के उपलक्ष में प्रदेश के विभिन्न स्थानों पर कार्यक्रम हो रहे हैं। इसी कड़ी में आज से पाली जिला परिषद में दो दिन की प्रर्दशनी का आयोजन किया जा रहा है। कल शोभा यात्रा निकाली जाएगी, जो शहर के मुख्य मार्गों से होकर गुजरेगी।

उधर, सलूंबर में जिला स्तरीय पंच गौरव कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। इसमें पुरुष और महिला वर्ग की 24 टीमों के करीब 400 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। सवाईमाधोपुर में आज जिला प्रशासन की ओर से सिनेमा घरों में जनजातीय महापुरुषों, स्वतंत्रता सेनानी और संतों से जुड़ी डॉक्यूमेंट्री तथा फिल्म दिखाई गई। झुंझुनूं में गांधी पार्क में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

000

राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े ने राष्ट्रीय जनजातीय गौरव दिवस की शुभकामनाएं दी हैं। श्री बागडे ने कहा कि ये दिन जल, जंगल और जमीन के लिए प्रतिबद्ध आदिवासी कल्याण की प्रेरणा देने वाला है। उन्होंने सभी से जनजातीय क्षेत्रों के कल्याण के लिए मिलकर काम करने का आह्वान किया।

000

देश के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की जयंती पर आज बाल दिवस मनाया गया। इस अवसर पर राज्यभर में कई कार्यक्रम हुए। झुंझुनूं में जिला कांग्रेस कमेटी की ओर से पुष्पांजलि कार्यक्रम रखा गया। नेहरू पार्क में पंडित नेहरू की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। वहीं बाल

अधिकारिता विभाग की ओर से जिले में बाल अधिकार सप्ताह का शुभारंभ हुआ। इंडाली गांव के राजकीय महात्मा गांधी अंग्रेजी माध्यम स्कूल में सप्ताह के शुभारंभ अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सहयोग से बच्चों के लिए विधिक साक्षरता शिविर भी लगाया गया। सवाईमाधोपुर, पाली, डीग और अजमेर में विभिन्न शिक्षण संस्थानों में विशेष कार्यक्रम रखे गये।

000

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो जोधपुर की टीम ने आज बिलाड़ा के राजकीय ट्रोमा सेंटर के चिकित्सा अधिकारी को 3 लाख 70 हजार रुपये की रिश्वत लेने के आरोप में पकड़ा है। उनसे पूछताछ की जा रही है। ब्यूरो के महानिदेशक गोविन्द गुप्ता ने बताया कि चिकित्सा अधिकारी ने परिवादी के भाई को फार्मासिस्ट के पद पर और उसके दोस्त को सफाईकर्मी के पद पर नियुक्ति देने के लिए ये राशि मांगी थी। शिकायत पर ब्यूरो ने कार्रवाई की।

000